<u>समाचार</u>

वेव्ह पूल का मरम्मत पूर्ण, शुक्रवार से होगा संचालित होगा

कोरबा 20 अप्रैल 2022 – निगम के विवेकानंद उद्यान स्थित वेव्ह पूल के मरम्मत आदि का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा शुक्रवार 22 अप्रैल से वेव्ह पूल का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा, जहॉ पर आमजन पहुंचकर वेव्ह पूल में कृत्रिम समुद्री लहरों का आनंद उठा सकेंगे।

सी.एस.ई.बी. चौक के समीप स्थित नगर पालिक निगम कोरबा के विवेकानंद उद्यान का वेव्ह पूल मोटर में खराबी आ जाने के कारण बंद था। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर वेव्ह पूल का मरम्मत कार्य करा लिया गया है तथा उक्त वेव्ह पूल को शुक्रवार से संचालित कर आम लोगों के लिए उपलब्ध कराने की तैयारी निगम द्वारा कर ली गई है। अब वेव्ह पूल शुक्रवार 22 अपैल से संचालित हो जाएगा, जहॉ पर इस बढ़ती गर्मी के मौसम में लोग ठंडी व कृत्रिम समुद्री लहरों का आनंद उठा सकेंगे।

<u>निगम के सभी उद्यानों की व्यवस्थाएं दुरूस्त करें</u>– आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों व उद्यान प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि विवेकानंद उद्यान सहित निगम के सभी उद्यानों की व्यवस्थाएं चुस्त–दुरूस्त की जाएं, इन उद्यानों में बुजुर्गो, बच्चों, युवाओं, महिलाओं आदि सभी वर्ग के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जहॉ पर मरम्मत की आवश्यकता हो, वहॉ पर तत्काल मरम्मत कराएं, व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं एवं उद्यानों की नियमित साफ–सफाई सुनिश्चित कराएं ताकि आमजन प्रदत्त सुविधाओं का लाभ उठा सकें।